संक्षिप्त

वार्ड समितियों को लेकर बैठक आज

निवाई, भाजपा शहर मंडल की बैठक गुरुवार को दोपहर के 3 बजे डाक बंगला निवाई में आयोजित होगी। बैठक में भाजपा शहर मंडल निवाई की वार्ड समितियों को लेकर विचार विमर्श किया जाएगा। बैठक में निवाई शहर के चुनाव प्रभारी रमेश गड़वाल व भाजपा शहर मंडल अध्यक्ष व जिला मंत्री अंकुर गुप्ता सहित कई पदाधिकारी भाग लेंगे।

पुलिस ने शादी मे थाने से जाकर भरा मायरा

मानपुरा माचेड़ी। चंदवाजी थाना पुलिस ने सफाई कर्मी पूनम देवी की बेटी की शादी मे भात भर कर पुलिस वर्दी में छुपी मानवीय भावनाओ को प्रकट किया है।चंदवाजी थाना पुलिस के समस्त स्टाफ ने सफाई कर्मी की बेटी की शादी में घर पहुँच कर मायरा भरा। गौरतलब हैं कि सफाई कर्मी पूनम देवी की पुत्री संजू की शादी थी। थाना अधिकारी सुगन सिंह सहित स्टाफ ने सफाई कर्मी की बेटी की शादी में मायरा भरने का निर्णय किया व थाने से बेंड बाजे के साथ रवाना होकर घर पहुँचे। चंदवाजी थाना पुलिसकर्मियों की इस पहल की लोगो ने भी सराहना की।मायरा में सभी के लिए कपडे और 51151 रूपये नगद भेंट किए।सफाई कर्मी पूनम देवी को चुनरी उढ़ाई।

बीस वर्षो से फरार अपहरण व चोरी का आरोपी गिरफ्तार

मालपुरा । अपहरण व चोरी के आरोप मे विगत बीस वर्ष से फरार चल रहै आरोपी को डिग्गी थाना पुलिस ने किया गिरफ्तार। जिला पुलिस अधिक्षक विकास सांगवान के निर्देश व अतिरिक्त पुलिस अधिक्षक मोटाराम बेनिवाल व पुलिस उपाधिक्षक आशीष प्रजापत के निकट सुपर विजन मे थानाधिकारी डिग्गी ओमप्रकाश चौधरी के नेतृत्व मे थाना स्तर पर गठित विशेष टीम ने न्यायालय न्यायिक मजिस्ट्रेट मालपुरा से जारीशुदा अपहरण कर चोरी के दर्ज प्रकरण मे वांछित एवं विगत 2० वर्ष से फरार चल रहै स्थाई गिरफ्तारी वारंटी विरेन्द्र सिंह पुत्र शिवचरण कलाल जाति जायसवाल उम्र 59 वर्ष निवासी साठ फिट रोड दाउदपुर थाना शिवाजी पार्क अलवर को विशेष टीम ने मुखबीर की सुचना पर गिरफ्तार कर न्यायालय मे पेश किया। थानाधिकारी ओमप्रकाश चौधरी ने बताया कि थाने मे दर्ज मामलो मे फरार स्थाई वारंटियो की गिरफ्तारी को लेकर चलाये जा रहै विशेष अभियान के तहत लगातार की जा रही है यह कार्यवाही।

आज तीन घंटे रहेगी विधुत कटोती

मालपुरा। लाम्बाहरिसिंह 33 केवी जीएसएस राजपुरा व जीएसएस लाम्बाहरिसिंह एवं आसपास के क्षैत्र मे आज 28 नवम्बर गुरूवार को प्रात: आठ बजे से ग्यारह बजे तक रहेगी विधुत कटोती। कनिष्ठ अभियंता लाम्बाहरिसिंह ने दी जानकारी।

ठाकुरजी का पीपल से हुआ विवाह

मालपुरा । मालपुरा शहर के पुरानी तहसील स्थित पारीक समाज मंदिर मे विराजित ठाकुरजी गोपाल जी महाराज का बुधवार को पीपल से हुआ विवाह। प्रात: बडी संख्या मे जुटे पारीक समाज के महिला-पुरूषो ने ठाकुर जी गोपाल जी महाराज को विमान मे विराजित कर गाजे-बाजे के साथ बरात लेकर पीपल विवाह के लिये रवाना हुये। जगह-जगह ठाकुरजी सहित बारातीयों का पुष्प वर्षा से स्वागत किया गया। ठाकुरजी को जल पान करवाया गया। बैण्ड-बाजो के साथ व्यास सर्किल स्थित विवाह समारोह स्थल पर पहुंची ठाकुरजी का बारात का जोरदार स्वागत कर अगुवानी की गई। पीपल विवाह के पुर्ण्याजक अटल पारीक ने हिन्दु रीति रिवाज से पीपल का विवाह ठाकुरजी के संग सम्पन्न करवाया। बारातीयों को विवाह की रस्मे पूर्ण होने पर रीति-रिवाज से विदाई दी गई। पीपल विवाह के पश्चात ठाकुरजी को पंडित अशोक शर्मा द्वारा पुन: मंदिर मे विराजित करवाये गये।

बहाव क्षेत्र की मिट्टी का दोहन कर पुलिया बना रहे

अलवर। अलवर में इन दिनों वन्य क्षेत्र में किसी भी प्रकार के निर्माण कार्य आदि पर एनजीटी की रोक लगी हुई है वही एनसीआर में होने के कारण अलवर जिले में पूर्णत निर्माण कार्य आदि पर रोक लगी हुई है जिसमें बहाव क्षेत्र की मिट्टी का दोहन कर ठेकेदार पुलिया बना रहा है।

अलवर में मत्स्य उत्सव की तीन दिन तक रही धूम, लोगों ने खूब सराहा

अलवर। जिला कलक्टर कलेक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने बताया कि बुधवार को मत्स्य उत्सव के समापन दिवस पर आज विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। उन्होंने बताया कि जिले में तीन दिवसीय आयोजित किए गए मत्स्य उत्सव के तहत विभिन्न कार्यक्रमों में जिलेवासियों ने बढ़चढ़कर उत्साहपूर्वक भाग लिया तथा सभी कार्यक्रमों में अपनी उपस्थित बडी संख्या में दर्ज कराकर कार्यक्रमों को सराहा है।जिला कलेक्टर ने अवलोकन कर मत्स्य उत्सव में लगी स्टालों पर पहुंचकर खरीददारी की और उत्साह वर्धन बढ़ाया। मत्स्य उत्सव के कार्यक्रमों की श्रृंखला में कम्पनी बाग में फ्लोरल शो का आयोजन किया गया। फ्लोवर शो में जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने वहां लगाई गई विभिन्न प्रजातियों के पौधों, फ्लोवर की

जिला कलेक्टर ने अवलोकन कर मत्स्य उत्सव में लगी स्टालों पर पहुंचकर खरीददारी की और उत्साह वर्धन बढ़ाया।

स्टॉल का अवलोकन कर जानकारी ली।

फ्लोवर शो में 8 नर्सरियों ने विभिन्न प्रजातियों के फूलों के पौधों की स्टॉल लगाई जिसमें सैनी नर्सरी, नारायण विलास नर्सरी, राजस्थान नर्सरी, लक्की नर्सरी, सागर नर्सरी, गार्डनिया नर्सरी व कम्पनी बाग द्वारा डहेलिया, गेंदा जाफरी, बड बोनसाई, रबड प्लांट, यूफोरविया, गोल्डन बेरेल, क्रोकेड, केलालिली, गुल्दावरी, पंसेटिया, क्रोटन आदि पौधों की स्टॉल लगाई। वन मंडल द्वारा हर्बल गुलाल व उपकरणों की

- **समापन दिवस पर विभिन्न कार्यक्रम हुए आयोजित, स्टालों पर जिला कलेक्टर सहित अधिकारियों ने खरीदारी कर बढ़ाया उत्सवर्धन**

प्रदर्शनी लगाई गई।

नगर निगम की ओर से एनुअल स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने विभिन्न खाद्य उत्पादों और हस्तनिर्मित वस्तुओं की प्रदर्शनी लगाई गई तथा राजीविका के तहत स्वयं सहायता समूह मालाखेडा, राजगढ, बगढ राजपूत, रामगढ, उमरैण, लक्ष्मणगढ, रैणी, मुण्डावर, किशनगढबास व नीमराणा की महिलाओं द्वारा हस्तनिर्मित अनेक उत्पादों की स्टॉल लगाई गई। इस दौरान अलबेली लोक कला मंडल निवाई टोंक द्वारा कच्छी घोडी नृत्य की प्रस्तुति दी गई तथा स्थानीय भंपग वादक जहूर खां एवं पार्टी द्वारा भपंग वादन से वहां उपस्थित लोगों को अपनी कला से मंत्रमुग्ध किया। कार्यक्रम स्थल पर सेल्फी पॉइंट लगाया गया । स्कूली विद्यार्थियों एवं बडी संख्या में आमजन ने सेल्फी ली। इस अवसर पर एडीएम शहर बीना महावर, नगर निगम आयुक्त जितेन्द्र सिंह नरूका, यूआईटी के उप सचिव सोहन सिंह नरूका, एसडीएम अलवर जुईकर प्रतीक चन्द्रशेखर, प्रशिक्षु आईएएस सोनू कुमारी, पर्यटन विभाग की सहायक निदेशक टीना यादव, पीडब्ल्यूडी की अधिशाषी अभियन्ता अल्का व्यास, राजीविका की कॉडिनेटर रश्मि शर्मा सहित अधिकारीगण एवं बडी संख्या में स्कूली विद्यार्थी तथा आमजन मौजूद रहे।

चोरी का आरोपी गिरफ्तार

टोंक। पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान के निर्देशन में देवली वृताधिकारी रामसिंह व नासिरदा थाना प्रभारी द्वारा विशेष टीम का गठन कर आये दिन हो रही नकबजनी व चोरी की रोकथाम व धरपकड की कार्यवाही के दौरान नासिरदा थाना क्षैत्र में नकबजनी के आरोपी को गिरफ्तार किया गया। थाना प्रभारी ने बताया कि दिनांक 24.11.2024 को अशोक तिवाडी ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराकर बताया कि 24 नवम्बर को रात्रि 10 बजे के लगभग घर से सोने का आभूषण चोरी हो गया है। इस सोने की चवन्नी भर पातडी को दो लोग चुराकर कर ले गये है। इस घटना पर कार्यवाही करते हुए टीम ने मुखबिर की सूचना व तकनीकी साधनो की सहायता से आरोपी पवन कुमार वैष्णव पुत्र कमलदास जाति वैष्णव उम्र 33 साल निवासी नासिरदा को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से सोने की पातडी को जप्त किया गया। पवन कुमार के साथी की तलाश जारी है, जिनके खिलाफ बीएनएस में प्रकरण दर्ज कर अनुसंधान जारी है।

बाल विवाह के खिलाफ एवं रोकथाम के लिए शपथ दिलाई

बौंली- बामनवास। महिला एवं बाल विकास मंत्रालय भारत सरकार के निर्देशानुसार संपूर्ण भारत के सभी समाजों से बाल विवाह की रोकथाम एवं पूर्णत: समाप्त करने की जागरूकता को लेकर सवाई माधोपुर जिला कलेक्टर सभागार में जिला मजिस्ट्रेट शुभम चौधरी द्वारा बुधवार को बाल विवाह के खिलाफ शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम के दौरान जिला मजिस्ट्रेट ने बताया कि बाल विवाह एक सामाजिक बुराई व कानून का उल्लंघन है जो बालिकाओं की शिक्षा, सुरक्षा, स्वास्थ्य एवं विकास में बाधक होता है बाल विवाह के कारण पीड़ित बालिकाओं का भविष्य अंधकारमय होकर उनके सपने टूटकर बिखर जाते हैं इस कारण बाल विवाह के खिलाफ सभी को जागरूक रहकर इसकी रोकथाम के लिए कार्य किया जाना चाहिए। कार्यक्रम में अतिरिक्त जिला कलेक्टर धारा सिंह

वाचनालय में अध्यनरत प्रतिभागियों को भी बाल विवाह के खिलाफ शपथ दिलाई ।

मीणा, जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक दिनेश गुप्ता, उपनिदेशक सूचना एवं जनसंपर्क हेमंत , व्याख्याता चंद्रशेखर जेमिनी सहित विभिन्न विद्यालयों, संस्थाओं के प्रतिनिधि एवं कलेक्टर के कर्मचारियों ने भी बाल विवाह के खिलाफ शपथ ली। इसी प्रकार सूचना एवं जनसंपर्क सवाई माधोपुर उपनिदेशक हेमंत सिंह ने कार्यालय के वरिष्ठ सहायक किरोड़ी लाल मीणा, मोहम्मद सादिक, शिवकुमार शर्मा, शिवचरण वर्मा व रामस्वरूप सहित वाचनालय में अध्यनरत प्रतिभागियों को भी बाल विवाह के खिलाफ शपथ दिलाई ।

मातृत्व अभियान का आयोजन

कोटपूतली। बीसीएमओ डॉ. पूरण चन्द गुर्जर के नेतृत्व में प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान का आयोजन किया गया। उल्लेखनीय है कि उक्त अभियान का आयोजन प्रतिमाह की 09, 18 व 27 तारीख को प्रत्येक प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पर किया जाता है। जिसका मुख्य उद्देश्य हाईरिस्क महिलाओं को चिन्हिकरण करना है ताकि उन महिलाओं को प्रसव के दौरान मातृ मृत्यु से बचाया जा सकें। इस आयोजन पर एएनसी पंजीकरण, फॉलोअप, टीकाकरण, एनिमिया की पहचान कर उनका उपचार किया जाता है। साथ ही गर्भवती महिलाओं में से जो महिलायें द्वितीय या तृतीय तिमाही में चल रही है। उनकी कम से कम एक सोनोग्राफी जांच मान्यता प्राप्त निजी सोनोग्राफी केन्द्र पर निरूशुल्क करवाई जाती ह ब्लॉक कोटपूतली में मंगलवार 61 माँ वाउचर जनरेट कर सोनोग्राफी करवाई।

डिपफेक न्यूज़ के खतरों के बारे में विद्यार्थियों को दी गई जानकारी

भारतीय कॉलेज में सेमिनार के दौरान उपस्थित ट्रेनर एवं छात्र-छात्रा

किशनगढ़ बास। भारतीय टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज किशनगढ़ बास में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर बुधवार को सेमिनार का आयोजन किया गया। यह सेमिनार डिजिटल विलेज कंप्यूटर एजुकेशन सेंटर भींडूसी और एमएसएमई भिवाड़ी के संयुक्त प्रयासों से किया गया।

कॉलेज प्राचार्य रितू चौहान ने बताया सेमिनार में विद्यार्थियों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस अआई की बुनियादी जानकारी दी गई। इसमें मशीन लर्निंग और डीप लर्निंग जैसे विषय शामिल किए गए । चैट जीपीटी जैसे अआई टूल्स का उपयोग पढ़ाई में कैसे किया जा सकता है। इस पर विशेष जोर दिया गया। इसके अलावा, विद्यार्थियों को डीपफेक फेक न्यूज और अआई के खतरों के बारे में जागरूक किया गया।

कार्यक्रम के दौरान, डिजिटल विलेज कंप्यूटर एजुकेशन सेंटर, भींडूसी के निर्देशक लोकेश कुमार ने विद्यार्थियों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की उपयोगिता और भविष्य में इसके संभावित लाभों के बारे में विस्तार से समझाया। वहीं एमएसएम ई भिवाड़ी के सिद्धांत ने छात्रों को उद्यिमता एंटरप्रेन्योरशिप और स्व-रोजगार सेल्फ एंप्लॉयमेंट के बारे में जानकारी दी, जिससे वे तकनीकी ज्ञान का उपयोग कर अपना करियर बेहतर बना सकें।इस सेमिनार का उद्देश्य विद्यार्थियों को नई तकनीकों से जोड़ना और उन्हें पढ़ाई के साथ-साथ भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार करना था। कार्यक्रम के अंत में छात्रों ने सेमिनार के प्रति अपनी उत्सुकता और सकारात्मक प्रतिक्रियाएं दीं। कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त व्याख्यातगण एवम विद्यार्थी उपस्थित रहे। प्राचार्य डॉ रितु चौहान ने डिजिटल विलेज कंप्यूटर एजुकेशन सेंटर के वक्ताओं का धन्यवाद दिया।

9वीं की 638-छात्राओ को मिलेगी साईकिलें

पावटा। उपखण्ड पावटा के मुय ब्लॉक शिक्षा कार्यालय के अन्तर्गत ब्लॉक की-4० राजकीय विद्यालयो की कक्षा-9वीं की-638-छात्राओ को राज्य सरकार की लाभकारी निशुल्क साईकिल योजना के तहत निशुल्क साईकिल वितरण की जाएगी। अतिरिक्त मुय ब्लॉक शिक्षा अधिकारी पावटा सुरेश कसाना ने बताया की राज्य सरकार की लाभकारी योजना के तहत बालिका शिक्षा को बढावा देने के लिए कक्षा-9वीं में राजकीय विद्यालयो मे पढने वाली समस्त वर्ग की छात्राओ को निशुल्क साईकिल वितरण की जाएगी। जिससे छात्राओ को राजकीय विद्यालय में आने जाने मे परेशानी का सामना नही करना पडे इसलिए राज्य सरकार ने लाभकारी निशुल्क साईकिल योजना संचालित की है। एसीबीईओ सुरेश कसाना व राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय पावटा पीईईओ जयसिंह यादव ने बताया की पावटा ब्लॉक की-4०-राजकीय विद्यालय की कक्षा-9वी की छात्राओ को वर्ष-2०24-2०25-सत्र की-638-छात्राओ को राज्य सरकार लाभकारी निशुल्क साईकिल वितरण योजना का संचालन किया जा रहा है। जिसे

- **राज्य सरकार की लाभकारी योजना के तहत अब छात्राओ को पैदल नही जाना पडेगा स्कूल**
- **कक्षा-9वीं में राजकीय विद्यालयो मे पढने वाली समस्त वर्ग की छात्राओ को निशुल्क साईकिल वितरण की जाएगी**

लेकर एसीबीईओ सुरेश कसाना व राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय पावटा पीईईओ जयसिंह यादव ने बताया की विद्यालय में योजना के तहत मिले टेण्डर ठेकेदार के मिस्त्री साईकिल तैयार करने मे लगे हुए है। धीरे-धीरे करके पावटा ब्लॉक के आंकडो के अनुसार साईकिले तैयार की जा रही है। पूरे ब्लाक की साईकिले तैयार होते ही विभागीय अधिकारी द्वारा सपूर्ण साईकिलो की जांच करने के पश्चात साईकिल वितरण के लिए सबन्धित स्कूलो में भिजवाई जाएगी।

रिको एरिया में गोदाम के ताले तोड़ चुरा ले गये सरसों से भरे अस्सी कट्टे

मालपुरा (निस) रिको इण्डस्ट्रीज एरिया स्थित गर्ग उद्योग के गोदाम को शातिर चोरो ने निशाना बनाते हुये ताले तोड चुरा ले गये अस्सी कट्टे सरसो। पिडित व्यापारी ने बताया कि मालपुरा मंडी से खुली बोली के जरिये खरीदी गई सरसो को फैक्ट्री के गोदाम मे रखवा शाम के समय तालाबंदी कर घर लोटा था। बुधवार की सवेरे जब गोदाम पहुंचा तो मुख्य गेट व अंदर के ताले टूटे मिले तथा गोदाम मे भरे सरसो के कट्टो मे से अस्सी कट्टे चोरी होना सामने आया। फैक्ट्री मे लगे सीसीटीवी कैमरो की पडताल की गई तो सामने आया कि चोरो ने शातिर अंदाज मे वारदात को अंजाम देने से पूर्व गोदाम की रैंकी कर बाहर लगी रोड लाईट को बंद कर दिया तथा सीसीटीवी कैमरे का मुंह आसमान की तरफ करने के बाद ताले तोड वाहन मे सरसो से भरे कट्टे लदान कर फरार हो गये। सुचना पर मौके पर पहुंचे पुलिस उपाधिक्षक आशीष प्रजापत,थानाधिकारी चेनाराम बेडा को व्यापारी ने सम्पूर्ण घटनाक्रम से अवगत करवाया। इस दौरान मौके पर मौजूद

शहर के रिको इण्डस्ट्रीज एरिया मे गर्ग उद्योग गोदाम के ताले तोड सरसो चोरी की वारदात के बाद पुलिस अधिकारियो ने लिया जायजा।

भाजपा शहर मंडल अध्यक्ष त्रिलोक चन्द जैन सहित बडी संख्या मे मौजूद व्यापारियो ने पुलिस अधिकारियो के समक्ष चोरी की वारदात को लेकर कडी नाराजगी जत्ताते हुये कहा कि गत माह 18 अक्टुम्बर की रात इसी गोदाम मे चोरो ने ताले तोड मूंग के कट्टे चुरा ले जाने की वारदात को अंजाम दिया था। महज एक माह नो दिन मे दूसरी वारदात इसी गोदाम से ताले तोड सरसो चुरा ले गये। औधोगिक क्षैत्र मे पुलिस की रात्री गश्त नही होने से अब व्यापारी अपने माल व गोदाम की सुरक्षा को लेकर चिन्तित है। पिडित व्यापारी द्वारा रिकॉर्ड सहित अन्य जानकारी व साक्ष्य पुलिस को उपलब्ध करवाने के बावजूद चोरी की वारदातो का खुलासा नही होने से चोरो के हौसले दिन प्रतिदिन बढते जा रहै है। पूर्व की वारदात का एक महिने बाद भी खुलासा नही होने को लेकर व्यापारियो

- **बुधवार की सवेरे जब गोदाम पहुंचा तो मुख्य गेट व अंदर के ताले टूटे मिले तथा गोदाम मे भरे सरसो के कट्टो मे से अस्सी कट्टे चोरी होना सामने आया।**

ने पुलिस अधिकारियो से कारण जानना चाहा तो एक जिम्मेदार अधिकारी के मुंह से बर्बस ही निकल पडा कि खुलासा नही हुआ तो नही हुआ, जांच चल रही है। अधिकारी के मुंह से यह जवाब सुन व्यापारियो मे कडी नाराजगी देखी गई। व्यापारियो ने बताया कि पुलिस द्वारा सीसीटीवी कैमरे लगाये जाने के लिये लोगो को प्रेरित तो किया जाता है लेकिन वारदाते होने के बाद पुलिस ने आज तक सीसीटीवी फुटेज के आधार पर किसी भी वारदात का खुलासा नही किया।

संविधान की महत्ता पर की चर्चा

अलवर। स्केल लॉ कॉलेज में संविधान दिवस के अवसर पर समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर छात्रों और शिक्षकों ने भारतीय संविधान की महत्ता पर चर्चा की और संविधान की प्रस्तावना का पाठ किया। समारोह में मुख्य अतिथि डॉ मुकेश कुमार (सह आचार्य, राजकीय विधि महाविद्यालय अलवर)ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि संविधान हमारे देश का आधार है और हमें इसकी रक्षा करनी चाहिए। उन्होंने छात्रों से आ ान किया कि वे संविधान के तहत दिए गए कर्तव्यों का भी पालन करे। इसके बाद, कॉलेज के चेयरमैन डॉ सुरेन्द्र यादव ने आम नागरिकों को प्रदत्त संवैधानिक अधिकारों से सभी को अवगत कराया,। समारोह के अंत में कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ विनोद कुमार शर्मा ने सभी को संविधान दिवस की शुभकामनाएं दीं और कहा कि हमें संविधान के मूल्यों को अपने जीवन में उतारना चाहिए। डॉ. वन्दना सैनी ने संविधान की प्रस्तावना की शपथ दिलाई एवं मंच संचालन किया। संविधान से संबंधित जानकारी डॉ. लक्ष्मी सोनी, डॉ सुरेश चन्द मीणा और डॉ प्रदीप यादव के द्वारा दी गई। कॉलेज के डायरेक्टर डॉ संकेत यादव के द्वारा सभी का आभार प्रकट किया गया।

सार-समाचार

बाल विवाह मुक्त भारत अभियान चलाया

सांभरझील, (निसं)। यह न्यायालय परिसर में बाल विवाह मुक्त भारत अभियान चलाया गया। इसके लिए विधिक जागरूकता विश्व पत्र ग्रहण का कार्यक्रम भी रखा गया। अभियान में अपर जिला एवं सैशन न्यायाधीश क्र.स. 1 अरविंद कुमार जांगिड़ सहित कर्मचारियों, पैनल अधिवक्ताओं व पैरा लिगल वालंटियर को सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण पवन कुमार जीनवाल ने शपथ दिलाई। बाल विवाह निषेध अधिनियम का सख्ती से पालन करने और इसके खिलाफ समाज को जागरूक करने का संकल्प भी दिलवाया तथा युवाओं और समुदायों से इस मुहिम में शामिल होकर बाल विवाह रोकने के अभियान को मजबूत बनाने की अपील की। कार्यक्रम में अपर जिला एवं सैशन न्यायाधीश क्र.स. 2, नीरज भामू, सिविल न्यायाधीश एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट जयश्री लमोरिया मैं भी विचार व्यक्त किए।

बाल विवाह रोकने के लिए न्यायाधीश ने शपथ दिलाई

कोटपूतली। स्थानीय पंचायत समिति में बुधवार को जिला कलक्टर के निर्देशानुसार घुमन्तु समुदाय (विमुक्त, घुमन्तु एवं अर्द्धघुमन्तु) सहायता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में घुमन्तु समुदाय के लोगों को आवश्यक दस्तावेजों एवं अन्य बुनियादी सुविधाओं सहित राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित किया गया। जिसमें 16 आवेदन वोटर आईडी, 04 आवेदन आधार कार्ड, 05 आवेदन जनआधार कार्ड, 21 आवेदन राशन कार्ड से संबंधित प्राप्त हुये। मौके पर 18 आवेदनों का निस्तारण किया गया। जिनमें आधार सीडिंग, नाम एक्टिव / डीएक्टिव करने व 03 आवेदन नये राशन कार्ड से संबंधित प्राप्त हुये। घुमन्तु पहचान प्रमाण पत्र के 63 आवेदन प्राप्त हुये जिनमें से 50 जारी किये गये। 11 मूल निवास प्रमाण पत्र के आवेदन प्राप्त हुये। आवासहीन व्यक्तियों को नि:शुल्क भूमि आवंटन से संबंधित 31 आवेदन प्राप्त हुये। चिकित्सा विभाग द्वारा नि:शुल्क दवाई की 57 किट वितरित की गई। उक्त लम्बित आवेदनों का संबंधित विभागों द्वारा नियमानुसार समय सीमा में निस्तारित कर दिया जावेगा। इस दौरान एसडीएम बृजेश कुमार चौधरी, तहसीलदार रामधन गुर्जर, अतिरिक्त विकास अधिकारी रूपेन्द्र कुमार आर्य, नायब तहसीलदार रामस्वरूप शर्मा, समाज कल्याण विभाग से महेन्द्र पिंगोलिया, नगर परिषद से कनिष्ठ अनियंता भादर सिंह, रसद विभाग, चिकित्सा विभाग की टीम व अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

बाल विवाह रोकने के लिए दिलवाई शपथ

निवाई। स्थानीय पुलिस एवं महिला सुरक्षा सलाह केंद्र के तत्वावधान में बुधवार को राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय निवाई में बालक बालिकाओं को बाल विवाह के दुष्प्रभाव व कानून की जानकारी दी गई। सामाजिक परामर्शदाता डॉ. सुनीता शर्मा ने बालक बालिकाओं को बाल विवाह के दुष्प्रभाव व कानून की जानकारी देते हुए बताया कि बाल विवाह बच्चों के अधिकारों से वंचित करता है जिससे उन पर हिंसा, शोषण व यौन शोषण का खतरा बना रहता है। हेड कांस्टेबल जीतपाल मीणा ने बताया कि बाल विवाह का असर लड़कियों व लडक़ों दोनों पर पडता है, लेकिन इसका प्रभाव लड़कियों पर अधिक पड़ता है। बाल विवाह बचपन खत्म कर देता है। बाल विवाह बच्चों की शिक्षा, स्वास्थ्य व संरक्षण पर नकारात्मक प्रभाव डालता है। बाल विवाह का सीधा असर न केवल लड़कियों पर बल्कि उनके परिवार व समुदाय पर भी पड़ता हैं। कानि. राहुल ने बताया कि बाल विवाह कानूनी अपराध है। यदि कहीं पर बाल विवाह हो रहा है तो उसकी सूचना पुलिस थाने में देनी चाहिए। उन्होंने बताया कि सूचना देने वाले का नाम गोपनीय रखा जाता है। इस दौरान स्टाफ एवं बालक बालिकाओं को बाल विवाह रोकने के लिए शपथ भी दिलवाई गई। इस अवसर पर प्राचार्य देवेंद्रपाल चौधरी, उप प्राचार्य रामकिशन विजय, एडवोकेट शिप्रा शर्मा, प्रहलाद गुर्जर, अनिल गुप्ता व प्रहलाद सैनी ने भी विचार व्यक्त किए।

मकान के सामने खड़ी दो मोटर साइकिल चोरी

सावरदा। सावरदा गांव में अंबेड़कर कालोनी में मंगलवार को शाम मजदुरी कर घर लौटे चेतन व फाईनेंस कंपनी में नौकरी कर घर लौटे छोटे भाई घनश्याम सुकरिया ने मकान के सामने मोटर साईकिले खड़ी कि थी । परन्तु रात्री में ही अज्ञात चोरो दोनो मोटर साइकिल चुराकर ले गए , चोरी का पता बुधवार को प्रात उठने के बाद लगा तो दोनो भाईयो को गहरा सदमा पहुंचा ,जिन्हे पडोसियो ने हिम्मत बंधाते हुए सांत्वना दी । परिजनो ने आसपास व पडोसियो से चोरी हुई मोटर साइकिलों के बारे में जानकारी करने की कोशिस कि परन्तु कोई सफलता नहीं मिली । परेशान चेतन व घनश्याम सुकरिया ने बताया कि रात्री में करीब बारह बजे तक मोटर साइकिल वही खड़ी थी , आधी रात बाद चोरो ने वारदात को अंजाम दिया है । बुधवार दोपहर को घनश्याम सुकरिया ने मौजमाबाद थाने में प्रार्थना पत्र देकर मोटर साइकिलें चोरी का मामला दर्ज कराया , पुलिस ने मामला दर्ज कर चोरी हुई मोटर साइकिलों की तलाश शुरू कर दी है ।

नगरपालिका ने किराया वसूलने के लिए दुकानदारों को थमाए नोटिस

पावटा। पावटा प्रागपुरा नगरपालिका मे दुकान लेने वाले दुकानदारों को नगरपालिका ने नोटिस थमाया है। जिससे सारे दुकानदारों में हडकंप मचा हुआ है। नगरपालिका ने यह नोटिस किराया जमा कराने के नाम पर दिया है। जिसमें दुकानदारों को 7 दिवस तक का समय दिया गया है अन्यथा नियमानुसार कानूनी कार्यवाही की जाएगी। पावटा प्रागपुरा नगरपालिका दुकानदार से बकाया किराया वसूलने के लिए कई नियम अपना चुकी है लेकिन इसके बाद भी दुकानदार किराया नहीं जमा कर रहे है। सीधे शब्दों मे कहे तो नगर पालिका अपना किराया वसूल करना चाहती है। वही ईओ फतेह सिंह मीणा द्वारा नगरपालिका ने दुकानदारों को दिये नोटिस में साफ जाहिर किया है कि ग्राम पंचायत के समय से नगरपालिका पावटा प्रागपुरा क्षेत्र के पावटा कस्बे मे 15 दुकाने व प्रागपुरा कस्बे मे 7 दुकाने है। जिन्हें दुकानदारों ने किराये पर ले रखी है। लेकिन बार बार मौखिक व नोटिस के जरिये अवगत करवाने के बाद भी काफी समय से दुकानदारों द्वारा उनका किराया नही दिया जा रहा है। नगरपालिका क्षेत्र मे नपा की ऐसी 22 दुकानें है। नपा जिसमें सभी दुकानदारों को नोटिस दिये गये है। वही नगरपालिका का साफ कहना है तय समय में अगर किराया नहीं भरा तो नियमानुसार कानूनी कार्यवाही की जाएगी।

कंटेनर के टेढ़े होने के कारण डेढ़ किलोमीटर लंबा जाम लगा

पावटा। जयपुर दिल्ली राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 48 पर पावटा मुख्य बस स्टैंड पर दिल्ली से जयपुर की तरफ जा रहा माल से भरा कंटेनर एक्सल टूट जाने के कारण एक तरफ राजमार्ग के मध्य में जाकर झटके से रुक गया। चलते ट्रैफिक में अचानक कंटेनर के रुक जाने के कारण लोगों की सांस थम गई। राजमार्ग पर डेढ़ किलोमीटर लंबा जाम लग गया। घटना की सूचना मिलते ही प्रागपुरा पुलिस मौके पर पहुंची। प्रागपुरा थाने के हेड कांस्टेबल सुरेंद्र कुमार ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचकर राजमार्ग पर लगे जाम को खुलवाया और क्रेन की सहायता से दुर्घटनाग्रस्त कंटेनर को राजमार्ग से हटवाया। घटना में किसी प्रकार की कोई जनहानि नहीं हुई।